दैनिक जागरण
inext
बरेली, बुधवार
19 फरवरी, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20



# आईके कलेक्शन और हल्द्वानी ने जीत से किया आगाज

**हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने ओएसिस क्रिकेट एकेडमी बरेली को 8 विकेट से हराया**

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (18 Feb): एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज में मंगलवार को श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट पांचवें सीजन आरंभ हुआ. जिसमें आईके कलेक्शन बरेली ने जस क्रिकेट एकेडमी मेरठ को 6 विकेट और हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने ओएसिस क्रिकेट एकेडमी को 8 विकेट से हराकर टूर्नामेंट का आगाज किया. आईके कलेक्शन बरेली की ओर 28 गेंदों पर 2 छक्के और 6 चौके लगा कर 47 रन बनाने वाले शिवकुमार राठी को मैन आफ द मैच चुना गया. दूसरे मैच में 34 रन देकर 3 विकेट लेने वाले हल्द्वानी क्रिकेटर्स के गेंदबाज सूरज सतपाल मैन आफ द मैच रहे.



विनर्स को किया सम्मानित.

## नौ बजे शुरू हुआ मैच

श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को सुबह नौ बजे टूर्नामेंट का पहला मैच आरंभ हुआ. जिसमें आईके कलेक्शन बरेली के कप्तान मोहम्मद जीशान ने टॉस जीत कर जस क्रिकेट एकेडमी मेरठ को बल्लेबाजी का न्यौता दिया. यश सिरोही (17 रन, 13 गेंद, 1 चौका, 1 छक्का), आदर्श (33 रन, 24 गेंद, 3 चौके, 1 छक्का), निकुंज (35 रन, 24 गेंद, 1 चौका, 3 छक्के), शिवम मल्होत्रा (22 रन, 18 गेंद, 2 चौके, 1 छक्का) की मदद से जस क्रिकेट एकेडमी ने निर्धारित 20 ओवर में 131 बनाए. आईके कलेक्शन की ओर से दीपक आर्य और शुभ अग्रवाल ने 3-3 विकेट लिए. दो विकेट मयंक मिश्रा के नाम रहे. जीत के लिए 131 रन का पीछा करने उतरे आईके कलेक्शन के बल्लेबाजों ने तेजी से खेलना शुरू किया और 13.4 ओवर में 132 रन बना कर मैच जीत लिया. आईके कलेक्शन के लिए पारस राज (24 रन, 12 गेंद, 4 चौके, 1 छक्का), शिव कुमार राठी (47 रन, 28 गेंद, 6 चौके, 2 छक्के), अभिषेक (19 रन, 15 गेंद, 3 चौके), मोहम्मद फैजान (18 रन, 10 गेंद, 2 छक्के) महत्वपूर्ण रन बनाए. शिव राठी को मैन आफ द मैच चुना गया.

**28**
गेंदों पर 47 रन बनाने वाले आईके कलेक्शन के शिव राठी मैन आफ द मैच

**03**
विकेट लेने हल्द्वानी क्रिकेटर्स के गेंदबाज सूरज मैन आफ द मैच दूसरे मैच में

## शिव को मैन ऑफ द मैच

टूर्नामेंट का दूसरे मैच दोपहर 12.30 बजे हल्द्वानी क्रिकेटर्स और ओएसिस क्रिकेट एकेडमी बरेली के बीच खेला गया. इसमें ओएसिस क्रिकेट एकेडमी के कप्तान सत्री वर्मा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. लेकिन हल्द्वानी क्रिकेटर्स के गेंदबाज कबीर सिंह ने ओपनर हर्षित गोस्वामी को पहले ओवर की तीसरी गेंद पर ही कमल सिंह के हाथ कैच करवा कर ओएसिस क्रिकेट एकेडमी के बल्लेबाजी को बिखेरना शुरू कर दिया. जिसकी वजह से ओएसिस की टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 109 रन ही बना सकी. हल्द्वानी क्रिकेटर्स के लिए सूरज सतपाल ने 3 विकेट हासिल किए जबकि पृथ्वी गैरा ने दो, दीशु और देवेंद्र ने 1-1 विकेट हासिल किया. जीत के लिए 109 रन के स्कोर का पीछा करने उतरी हल्द्वानी क्रिकेटर्स के ओपनर दीशु और देवेंद्र ने तेजी से खेलना शुरू किया और 5 ओवर में टीम का स्कोर 65 पहुंचा दिया. इसी ओवर की अंतिम गेंद पर कप्तान दीशु (31 रन, 18 गेंद, 5 चौके, 1 छक्का) मुनीश की गेंद पर लंबा शाट खेलने के चक्कर में सत्री वर्मा के हाथ कैच हो गए. पहला विकेट गिरने के बाद भी हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने तेजी से रन बनाना जारी रखा और 8.4 ओवर में 111 रन बना कर 8 विकेट से जीत अपने नाम की.

### टूर्नामेंट में आज

**तीसरा मैच सुबह 9 बजे:** जस क्रिकेट एकेडमी मेरठ बनाम जीएजे प्रीन्स बरेली (ग्रुप ए)

**चौथा मैच दोपहर 12.30 बजे:** हल्द्वानी क्रिकेटर्स बनाम हरदोई स्ट्राइकर्स (ग्रुप सी)